सार-समाचार

मौसम बदलाव से वायरल का प्रकोप

हिंडौन सिटी । आस्थाधाम जगदीश धाम कैमरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बदलते मौसम के चलते वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बीते सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण अस्पताल की ओपीडी में 200 से अधिक मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र हरसाना ने बताया कि तापमान में अचानक बदलाव के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। अधिकतर मरीज खांसी, जुकाम, गले में खराश और बुखार की शिकायत लेकर आ रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और पूर्व से अस्वस्थ लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं।सीनियर नर्सिंग ऑफिसर बनवारी लाल गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2021 में जहां ओपीडी लगभग 15 हजार थी, वहीं 2025 में बढ़कर 40 हजार तक पहुंच गई, जो स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संकेत है।

यूनिक कम्प्यूटर्स को प्रथम पुरस्कार

करौली। राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित - कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए करौली के यूनिक कम्प्यूटर्स को सर्विस प्रोवाइडर के रूप में प्रदेश स्तर पर कंसिस्टेंट एडमिशन कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान संस्थान को पूरे प्रदेश में निरंतर प्रवेश सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने तथा विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए दिया गया। संस्थान के निदेशक योगेन्द्र सिंहल ने बताया कि यह उपलब्धि ज्ञान केन्द्रों के सहयोग और टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान वर्षों से के अधिकृत सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करते हुए हजारों विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षर बना चुका है। उल्लेखनीय है कि यूनिक कम्प्यूटर्स को पिछले कई वर्षों से इसी श्रेणी में सम्मान प्राप्त होता रहा है।

सावधानी बरतने की सलाह

करौली। मौसम में बदलाव के कारण बढ़ रहे वायरल संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। आयुर्वेद औषधालय प्रभारी डॉ. जितेन्द्र खटाना ने बताया कि दिन में तेज धूप और रात में ठंड के कारण लोग असावधानी बरत रहे हैं, जिससे बीमारियां बढ़ रही हैं। वैद्य रामनरेश राजपूत ने कहा कि दिन-रात के तापमान में अंतर सर्दी-जुकाम और बुखार का प्रमुख कारण बन रहा है। फार्मासिस्ट वीरेन्द्र पंवार ने लोगों से घबराने की बजाय सावधानी रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सुबह-शाम गर्म वस्त्र पहनें, ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें और गुनगुना पानी पिएं। भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूरी बनाए रखें तथा आवश्यकता होने पर मास्क का उपयोग करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त कर्मचारी मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में जुटे हुए हैं।

महापंचायत की बैठक 22 को

करौली। आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत की महत्वपूर्ण बैठक 22 फरवरी 2026 (रविवार) को डिबष्या स्थित मीन भगवान मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज बगलाई की अध्यक्षता में होगी। बैठक में महापंचायत की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा तथा समुदाय से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर पंच पटेलों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने समाज के अधिक से अधिक लोगों से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

छात्राओं को दी वित्तीय साक्षरता की जानकारी

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय भरतपुर में कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्त्वावधान में प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा की अध्यक्षता में निवेश जागरूकता और वित्तीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता अतुल शर्मा, डिप्टी मैनेजर बीएसई,जयपुर रहे। प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा ने छात्राओं को साइबर फ्रॉड से बचाव एवं वित्तीय साक्षरता का महत्त्व बताया। मुख्य वक्ता अतुल शर्मा ने बचत एवं निवेश के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन दीवान सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जगदीश कुमार ने किया। इस अवसर पर अकादमी प्रभारी डॉ. निशा गोयल कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्य जगदीश कुमार, दीवान सिंह, प्रीति मौर्य, पुनीता खण्डूरी, प्रिया शर्मा, वीरेंद्र पाल टाक एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अलका गोयल, डॉ.सरोज, विनय खंडेलवाल, भरत भूषण, निधि अठावाल आदि एवं अधिकांश छात्राएँ उपस्थित रहीं।

प्रांजल गुदेनिया का सम्मान

भरतपुर (निस)। संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई में आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र सिमुलेशन कार्यक्रम में उभरते युवा राजनायिक प्रांजल गुदेनिया ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान प्रांजल ने वैश्विक विषयों पर अपने विचार रखे तथा राजस्थान की पारंपरिक लोकसंस्कृति का प्रतीक प्रसिद्ध घूमर को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान बनाई। स्वदेश लौटने पर रेलवे स्टेशन पर उनका सादगीपूर्ण एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक कविता गोयल एवं विभा गर्ग सहित स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया और कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। प्रांजल गुदेनिया ने इस उपलब्धि को क्षेत्र और देश को समर्पित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा।

भुसावर में स्टेट मेगा हाईवे-45 पर नीलगाय से टकराकर बाइक हादसा

भुसावर भरतपुर (निस)। भुसावर के स्टेट मेगा हाईवे 45 पर खेड़ली मोड़ पथैना सड़क मार्ग स्थित हिंगोटा के पास एक सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब बाइक के सामने अचानक एक नीलगाय आ गई, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव झारोटी से घोसराना निवासी 27 वर्षीय नीरज, 47 वर्षीय उगंती मीणा और 50 वर्षीय सुगना बाइक पर सवार होकर हाईवे की ओर जा रहे थे। हिंगोटा गांव के पास अचानक नीलगाय सामने आने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस की मदद से सभी घायलों को छोकरवाड़ा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। इस घटना के बाद छात्र नेता कौशल फौजदार ने आरएसआरडीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

डीग-कुम्हेर क्षेत्र की सड़कों के निर्माण को लेकर विधानसभा में उठाया मुद्दा

भरतपुर (निस)। डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह ने राजस्थान विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से क्षेत्र के ग्राम बदनगढ़, घरवारी एवं श्यामढाक में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत सड़कों के निर्माण हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में प्रश्न उठाया। इस पर राजस्थान सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा ने सदन में उत्तर देते हुए बताया कि उक्त तीनों सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव सार्वजनिक निर्माण विभाग, डीग द्वारा परिवेश पोर्टल 2.0 पर वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तुत किए गए थे। वर्तमान में ये प्रस्ताव आपत्तियों की पूर्ति के लिए यूजर एजेंसी स्तर पर लंबित हैं। निर्धारित समयावधि में आवश्यक आपत्तियों का प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण प्रस्ताव परिवेश पोर्टल पर डिलिस्ट हो चुके हैं।

प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था करें तो शहर में बढ़ते जाम से निदान संभव

गंगापुर सिटी । नगर परिषद क्षेत्र में आम रास्ता मुख्य मार्गों पर विकराल रूप लेता जाम महानगरों की तरह गंभीर समस्या बनता जा रहा है। समाजसेवी वेद प्रकाश मंगल का कहना है कि उदेई मोड़ सालोदा प्राइवेट बस स्टैंड फव्वारा चौक ट्रक यूनियन ईदगाह मोड रेलवे स्टेशन मार्ग हॉस्पिटल मार्ग सरकारी कॉलेज मार्ग आदि मुख्य मार्गों पर आए दिन घंटों जाम की स्थिति बन रही है। मुख्य मार्गों के चौराहों रास्तों पर दिन में कई बार जाम यातायात की स्थिति दो से तीन घंटे बन जाती है। दो दशकों में टू व्हीलर वाहन फोर व्हीलर वाहन की संख्या में बड़ी तेजी से इजाफा हुआ है, लेकिन शहर में बढ़ते वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए ना तो कोई स्थान और ना ही कोई पार्किंग की ठोस व्यवस्था बन पाई है। वहीं यातायात को सुचारू रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में यातायात पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी समय अनुसार बेहद कम है। नगर परिषद क्षेत्र के सिटी मार्ग में ग्राहक एवं आम जनता कर्मचारी टू व्हीलर वाहन ही नहीं फोर व्हीलर एवं लोडिंग संसाधनों से खरीदारी के लिए आते हैं।

मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र विकास समन्वय समिति का लखनपुर में चौथे दिन भी मौन सत्याग्रह जारी

■ गांव-गांव चलेगा हस्ताक्षर अभियान

भरतपुर (निस)। मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र विकास समन्वय समिति द्वारा प्राचीन श्री लड्डू गोपाल जी राधा-कृष्ण मंदिर, उपतहसील कार्यालय व पुलिस थाना के पास, लखनपुर पर चल रहा मौन सत्याठाह एवं ध्यानाकर्षण चौथे दिन भी मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र के विकास की विभिन्न मांगों को लेकर अनवरत रूप से चला। मौन सत्याग्रह पर बैठे एडवोकेट विजय चौधरी लखनपुर, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, एम. एस. जे. कॉलेज, भरतपुर द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर प्रातः पुनः दीप प्रज्वलित एवं पुष्प माला चढ़ाकर और नमन कर मौन सत्याग्रह एवं ध्यानाकर्षण के जल्दी सफल होने की कामना की।

मौन सत्याग्रह स्थल पर क्षेत्र वासियों का आना जाना लगा रहा, अन्य दिनों की भांति लोग दिनभर अपना सकारात्मक सहयोग एवं समर्थन देने आए। समन्वय समिति के सह संयोजक एवं प्रवक्ता पंकज मिर्चुआ ने बताया कि समन्वय समिति द्वारा मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र के विकास के संकल्प को पूरा करने हेतु अब गांव-गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा, अभी तक यह हस्ताक्षर अभियान सत्याठाह स्थल पर चल रहा था, अब समन्वय समिति मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र के विकास की इस मुहिम को और तेज करने के लिए युवाओं का सहयोग लेकर गांव-गांव और घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान को चलाएगी।

यह अभियान पहले लखनपुर उपतहसील क्षेत्र में चलेगा, उसके बाद नदबई तहसील के पूरे क्षेत्र में चलेगा फिर भरतपुर और डीग जिले की अन्य तहसीलों में शुरू किया जाएगा। समन्वय समिति के सदस्य और प्रवक्ता मनीष चौधरी लखनपुर ने बताया कि यह मौन सत्याठाह एवं ध्यानाकर्षण व हस्ताक्षर अभियान पूर्ण शांति एवं मर्यादा में रहकर मुख्यमंत्री से विकास का आठाह है, गृह क्षेत्र के विकास संकल्प को पूरा करने हेतु एक सकारात्मक प्रयास है। समन्वय समिति मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र के विकास में मुख्यमंत्री के इस स्वर्णिम समय में नए आयाम स्थापित करने हेतु एक सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है। अब तक के तीनों बजट में मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र को विकास हेतु कुछ खास नहीं मिला है, इसलिए इस मुहिम को शुरू किया गया है। सत्याठाह स्थल पर समन्वय समिति सदस्य रूपचंद पहलवान, कलैक्टर दयावली, तेज सिंह लखनपुर, मोहकम सिंह नगला मई, समय सिंह अध्यापक शाहपुर, मनीष चौधरी लखनपुर, मोहन सिंह एमएलए, मौहरी भगत लखनपुर, गौरव नंबरदार, नरेन्द्र सिंह चौधरी, गुरदीप सिंह, मान सिंह जाटव शाहपुर, रामकिशन शर्मा, दिलीप अलीपुर, रामदयाल, छतरपाल बसैया कला, हेमन्त लखनपुर, रमन बघेल, तुलसी जाटव, बलराम दयावली, शशिकांत मीना, रामप्रसाद मीना आदि ने प्रमुख रूप से उपस्थित होकर अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान किया।

रश्मि सिंह राजपूत बनी जिला अध्यक्ष

भरतपुर (निस)। समाज के अठाणी संगठन अंतर्राष्ट्रीय राजपूत संसद के संगठन विस्तार की कड़ी में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। संगठन की राजस्थान प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मधु कंवर राठौड़ ने समाज सेवा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए रश्मि सिंह राजपूत को भरतपुर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया है जिसमें इनका कार्यकाल 2 वर्ष के लिए मान्य रहेगा यह नियुक्ति मनोनयन समिति की विशेष अनुशंसा पर की गई है प्रदेश अध्यक्ष मधु कंवर राठौड़ ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए विश्वास जताया है की रश्मि सिंह राजपूत के नेतृत्व में भरतपुर जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी उन्होंने आशा व्यक्त की है की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रश्मि सिंह राजपूत समाज के हितों की रक्षा करने, युवतियों को जोड़ने और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी रश्मि सिंह राजपूत की इस नियुक्ति पर स्थानीय राजपूत समाज और उनके समर्थकों में भारी उत्साह है इस नियुक्ति पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर शिवराज सिंह शक्तावत ,राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर रूपक सिंह दाहिमा , संदीप सिंह राठौड़, भरतपुर जिला अध्यक्ष कुंवर भीम सिंह राजपूत ने इस निर्णय का स्वागत किया है ।

विद्यार्थियों को सिखाया आधुनिक नर्सरी प्रबंधन

■ प्लग ट्रे तकनीक पर दिया जोर

भुसावर भरतपुर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर ग्रामीण उद्यिमता कृषि विकास जागरूकता योजनान्तर्गत विद्यार्थियों को नर्सरी प्रबन्धन करना सिखाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि सब्जियों की गुणवत्तापूर्ण सस्ती पौध के लिए किसान स्वयं नर्सरी तैयार करें। इसके लिए खेत की मिट्टी को फोर्मलीन व कार्बोफ्यूरान से उपचारित कर उचित आकार की क्यारी बनावें। ज्यादा पैदावार लेने के लिए संकर किस्म के बीज का प्रयोग करें तथा बीज की बुवाई 2 इंच दूर कतारों में करें। बुवाई पूर्व उचित कवकनाशी से बीजोपचार अवश्य करें। वैसे क्यारी के बजाय प्लग ट्रे में पौध तैयार करना आधुनिक तकनीक है। प्लग ट्रे के खांचों में कोकोपीट, वर्मीकुलाइट व परलाइट का मिश्रण उचित अनुपात में भरा जाता है तथा प्लग ट्रे की क्यारियों को 40 मैश के सफेद रंग के एठोनेट से ढका जाता है। इससे पौध का विषाणु रोगों व कीटों से बचाव हो जाता है तथा पौध स्वस्थ तैयार होती है। इस विधि में पौध स्थानांतरण के समय जड़ों को नुकसान नहीं होता। प्लग ट्रे में पौध तैयार करने से 20 से 25 प्रतिशत उत्पादन बढ़ता है। नर्सरी सब्जियों की खेती की नींव है, अतः उच्च तकनीकी नर्सरी व संकर बीज उपयोग करने से सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है।

बारिश के बाद धूप खुलने से आमजन को सर्दी से मिली राहत

गंगापुर सिटी । उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के क्षैत्र म बुधवार को हुई मावठ (हल्की बारिश) के बाद सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के प्रभाव से मौसम में अचानक बदलाव आया। सुबह हल्की बूंदाबांदी से शुरू हुई बारिश दिनभर रुक-रुक कर जारी रही। शाम लगभग 6.30 बजे से रात 9.30 बजे तक भी हल्की बारिश दर्ज की गई। इस बारिश के कारण बीते 5 दिनों में अधिकतम तापमान में लगभग 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। एक दिन पहले जहां अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस था, वहीं बुधवार शाम तक यह घटकर 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

गुरुवार को आसमान साफ रहा और धूप खिली, लेकिन सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर बरकरार रहा। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया और लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे।

बेटियों की शिक्षा के प्रति किया जागरूक

गंगापुर सिटी। आशांवित ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत श्सम्पूर्णता अभियान 2.0श के तहत गुरुवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया गया। पंचायत समिति गंगापुर सिटी क्षेत्र की तलावड़ा शेखपुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में यह अभियान आयोजित हुआ। विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर ने इसकी जानकारी दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को कार्यक्रम के उद्देश्यों और संकेतकों से अवगत कराना था। विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। शिक्षा विभाग ने विद्यालयों में 40 बालिकाओं पर एक क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता, नियमित नामांकन, ठहराव और शाला उपस्थिति के महत्व पर प्रकाश डाला। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण अभियान, किशोरी स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी सेवाओं, टीकाकरण और बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। पशुपालन विभाग ने आजीविका से जुड़ी योजनाओं, पशु स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन के माध्यम से परिवार की आय बढ़ाने के उपायों के बारे में बताया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों से सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, बालिकाओं की शिक्षा जारी रखने और स्वच्छता व स्वास्थ्य मानकों का पालन करने की अपील की। अभियान का लक्ष्य ग्राम स्तर पर समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए बालिकाओं को सशक्त बनाना है।

7 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर

■ चयनित हुये विद्यार्थी इस कंपनी के देष भर में फैले 7 प्लांटो यथा गुडगांव, मानेसर, सोहना, पंतनगर, पुणे, चौन्नई, गोवा, प्लांट में से किसी एक में काम शुरू करेंगे

भरतपुर (निस)। अभियांत्रिकी महाविद्यालय, भरतपुर में रूप पॉलिमर लिमिटेड, गुरूग्राम द्वारा मेकेनिकल तथा इलैक्ट्रिकल ब्रांच के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस प्लेसमेंट में राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के अलावा राजस्थान तकनीकी विष्वविद्यालय कोटा, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालाबाड, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर, फैकल्टी ऑफ इंजीनियिंरग टैक्नोलॉजी आगरा, गोकुल वर्मा पॉलिटेक्निक भरतपुर के कुल 102 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें से 74 छात्रों ने प्लेसमेंट के लिये तथा 28 छात्रों ने इंटर्नषिप के लिये आवेदन किया।

सर्वप्रथम कम्पनी द्वारा लिखित परीक्षा करवाई गयी, जिसमें 45 छात्र पास हुये। तत्पष्चात् इन छात्रों का ग्रुप डिस्कषन कराया गया, उसमें 26 छात्र पास हुए। फिर टेक्निकल तथा एच. आर. राउंड में कुल 07 विद्यार्थी पास हुए, कम्पनी द्वारा अंतिम रूप से जतिन महावर, बलजीत , स्पर्ष जोषी, अनुप कुमार , हरेन्द्र परमार, कषिष गुप्ता, तथा अंजनी बघेल, को ऑफर लैटर जारी किया गया। चयनित हुये विद्यार्थी इस कंपनी के देष भर में फैले 7 प्लांटो यथा गुडगांव, मानेसर, सोहना, पंतनगर, पुणे, चौन्नई, गोवा, प्लांट में से किसी एक में काम शुरू करेंगें। यह कंपनी रबर, तथा प्लास्टिक के उत्पाद जैसे- होजेस, इंजन-माउंटस का उत्पादन करती है, और मारूती सुजूकी, होंडा, बजाज, इत्यादि इस कंपनी के कस्टमर है। इस आयोजन में रूप पॉलिमर लिमिटेड की तरफ से गगन दीप सिंह, संकल्प पाठक अनिल मोंटरेजा, मणि खत्री, इत्यादि शामिल रहे। महाविद्यालय में इस वर्श प्लेसमेंट का अच्छा रूझान देखने को मिल रहा है तथा इस वर्श पिछले वर्शों की अपेक्षा एडमिषन भी काफी अच्छा रहा है। इन दोनों बातों से छात्रों तथा महाविद्यालय स्टॉफ में काफी उत्साह है। महाविद्यालय के प्राचार्य धवल व्यास जी ने इसके लिये पूरे महाविद्यालय की टीम को बधाई दी है। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. अखिलेष्वर पाण्डेय, डॉ. राहुल श्रीवास्तव तथा इलैक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक गोयल का इस आयोजन में बडी भूमिका रही।

सार-समाचार

पैदल मार्च यात्रा का शुभारंभ

भरतपुर (निस)। आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सैनी एवं संरक्षक मुरारी लाल सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की और सामाजिक न्याय के लिए एकजुट होकर पैदल मार्च में भाग लिया। पहले दिन यह यात्रा गंधार गांव से प्रारंभ होकर हेलेना निडर पार्क तक संपन्न हुई। पैदल मार्च के दौरान समाज की एकजुटता, शांतिपूर्ण संघर्ष और संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर जोश व अनुशासन देखने को मिला। इस अवसर पर भरतपुर विधानसभा प्रभारी रामेश्वर सैनी भी उपस्थित रहे और उन्होंने समाज से 25 फरवरी को जयपुर पहुंचकर विधानसभा घेराव को सफल बनाने की अपील की।आरक्षण संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूर्णतः शांतिपूर्ण है और समाज के हक-अधिकारों की प्राप्ति तक संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर चतर सिंह सैनी मानसिंह सैनी टीटू सैनी सेवा सैनी ओमवीर सैनी प्रदीप सैनी राहुल सैनी देवेंद्र सैनी विकास सैनी प्रकाश सैनी बॉबी सैनी मौजूद रहे।

महुकला की बैंक कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन डालने का काम शुरू

गंगापुर सिटी । ग्राम पंचायत महूकला की बैंक कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान होने जा रहा है। कॉलोनी में नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है, जिससे निवासियों को जल्द ही नियमित पेयजल आपूर्ति मिल सकेगी। पूर्व में डाली गई पाइपलाइन से कॉलोनी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था, जिसके कारण स्थानीय लोग लगातार पानी की किल्लत का सामना कर रहे थे। इस समस्या को लेकर सरपंच लखन लाल सैनी ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता पवन सैनी के माध्यम से लगातार प्रयास किए। सरपंच लखनलाल सैनी ने बताया कि बैंक कॉलोनी तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अब रेवन्नीपुरा होकर एक नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इस कार्य के पूरा होने के बाद बैंक कॉलोनी के निवासियों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध होगा। नई पाइपलाइन से क्षेत्र में जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। कार्य शुरू होने पर स्थानीय निवासियों ने संतोष व्यक्त किया और कहा कि लंबे इंतजार के बाद समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विनोद, विकास, आकाश, रीता भंवरपाल सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

नवोदय स्कूल में श्फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम आयोजित

गंगापुर सिटी। पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल, जाट बड़ौदा में श्फुटबॉल फॉर स्कूलश (एफ4एस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में गंगापुर सिटी और बामनवास क्षेत्र के 25 स्कूलों के शारीरिक शिक्षक और प्राचार्य उपस्थित रहे। प्रिंसिपल डॉ. रमेश बाबू ने बताया कि यह पहल फीफा, शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सहयोग से शुरू की गई है। इसका उद्देश्य छात्रों में खेल संस्कृति और जीवन कौशल को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। देशभर के 1.5 लाख से अधिक विद्यालयों में फुटबॉल वितरित की जा रही हैं। सवाई माधोपुर जिले के लिए जवाहर नवोदय स्कूल गंगापुर सिटी को नोडल केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र के माध्यम से जिले के 272 स्कूलों में लगभग 1650 फुटबॉल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद गंगापुर सिटी के निर्वतमान सभापति शिवरतन अग्रवाल थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह पहल आने वाले वर्षों में बेहतर खिलाड़ियों को तैयार करेगी। उन्होंने जोर दिया कि छोटे गांवों तक खेल सुविधाएं पहुंचने से नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। स्कूल के पीईटीआई और कार्यक्रम प्रभारी मोहम्मद जाहिद ने बताया कि नई शिक्षा नीति में खेलों में भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में फुटबॉल में भी नई प्रतिभाएं उभरेंगी। कार्यक्रम का संचालन विवेक कुमार यादव ने किया। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर किसी कारणवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गंगापुर सिटी के प्राचार्य राजकुमार उपाध्याय, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल बाटोदा के प्राचार्य जतिराम मीणा और उजसा सोसायटी की ओर से पूर्व छात्र अजय मेहर भी अतिथि के रूप में मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और योग प्रदर्शन के बाद एसएफएस स्कूल और नवोदय विद्यालय के छात्रों के बीच फुटबॉल मैत्री मैच खेला गया। स्कूल के काउंसलर व मीडिया प्रभारी अखलाक हुसैन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं। उपप्राचार्य चौब सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवन लाल लववंशी, हरि सिंह मीणा, हेमंत केडी और अनिल मीणा का सहयोग रहा।

'प्रोजेक्ट अमृत 'का चौथा चरण रविवार से शुरू

गंगापुर सिटी। जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र है तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत'के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार 22 फरवरी प्रातः 8 से 11 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में गंगापुर सिटी मे कोई जलाशय न होने के कारण संत निरंकारी मंडल द्वारा बायपास रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन की भूमि पर स्वच्छता अभियान का कार्य मुखी बहन पुष्पा रानी की अध्यक्षता व सेवा दल संचालक विनोद बैरवा की देखरेख में निरंकारी श्रद्धालु भाई-बहनों द्वारा चलाया जाएगा। मीडिया सहायक सपना लखवानी सतगुरु माता जी का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पिढियो के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोग कर रखें ।

धोखाधड़ी के दो मामलों में 5-5 साल की जेल

■ एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया, लोन का झांसा देकर केसीसी बनाई

गंगापुर सिटी। धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी अमित चौधरी ने एक व्यक्ति को पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। आरोपी की पहचान बामनवास थाना क्षेत्र के राधोपुर गांव निवासी अमरसिंह पुत्र सूरजमल मीना के रूप में हुई है। अभियोजक अधिकारी मयंक शर्मा ने बताया कि अमरसिंह ने दो अलग-अलग धोखाधड़ी के मामलों में दो व्यक्तियों को भैंस का लोन दिलाने का झांसा दिया था। उसने ओरिएंटल बैंक की बामनवास शाखा से उनके नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण स्वीकृत करा लिया। आरोपी अमरसिंह ने केसीसी लोन की पत्रावलियों में फर्जी जमाबंदी नक्शा और अन्य दस्तावेज पेश किए। उसने परिवादी गोपाल राणा और मदन राणा के नाम से लोन लिया, लेकिन उन्हें लोन की राशि नहीं दी। यह भी सामने आया कि मदन राणा और गोपाल राणा के पास जमाबंदी रिकॉर्ड के अनुसार कोई भूमि नहीं थी, जिसके आधार पर लोन स्वीकृत किया गया था। धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी अमित चौधरी ने एक व्यक्ति को पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। आरोपी की पहचान बामनवास थाना क्षेत्र के राधोपुर गांव निवासी अमरसिंह पुत्र सूरजमल मीना के रूप में हुई है। अभियोजक अधिकारी मयंक शर्मा ने बताया कि अमरसिंह ने दो अलग-अलग धोखाधड़ी के मामलों में दो व्यक्तियों को भैंस का लोन दिलाने का झांसा दिया था। उसने ओरिएंटल बैंक की बामनवास शाखा से उनके नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण स्वीकृत करा लिया। आरोपी अमरसिंह ने केसीसी लोन की पत्रावलियों में फर्जी जमाबंदी नक्शा और अन्य दस्तावेज पेश किए। उसने परिवादी गोपाल राणा और मदन राणा के नाम से लोन लिया, लेकिन उन्हें लोन की राशि नहीं दी। यह भी सामने आया कि मदन राणा और गोपाल राणा के पास जमाबं